न्यूज 12 भारत
डिजिटल मीडिया
सच्ची बात
Website : www.news12bharat.com




संस्करण : धनबाद | बुधवार 8 मई 2024 | Reg. DL 020009956 | E-mail : www.news12bharat@gmail.com | पृष्ठ : 2 | मूल्य : 3 रुपया

## एक नजर

### वर्जपात से मृत्यु आश्रितों को तुरंत सहायता प्रदान करे जिलाधिकारी

(न्यूज12 भारत)



गया। शाम अचानक आये आंधी तूफान वज्रपात में फतेहपुर के बारा पंचायत के बैजदाह गाँव निवासी 50 वर्षीय महिला की वज्रपात से मृत्यु हुई है। इसके अलावा फतेहपुर के चरोखरी पंचायत के डंगरा गांव के निवासी 45 वर्षीय एक पुरुष का वज्रपात से मृत्यु हुई है। इसके अलावा फतेहपुर के सलैया गांव के 10 लोग जो बाजार क्षेत्र में थे, वज्रपात से घायल हुए हैं ज़िला पदाधिकारी डॉ० त्यागराजन एसएम ने बताया कि बारा पंचायत के 1 महिला एव डंगरा पंचायत के 1 पुरुष की वज्रपात की घटना में 2 लोगों की मृत्यु दुःखद है। शोक संतप्त परिजनों को दुःख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना है। डीएम ने सिविल सर्जन गया को सख्त निर्देश दिया है कि वज्रपात में घायल सभी 10 व्यक्तियों का निशुल्क पूरी अच्छी तरीके से उपचार करावे। वर्तमान में सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फतेहपुर में भर्ती हैं और सभी पूरी तरह स्वस्थ हैं। जिला पदाधिकारी ने अपर समाहर्ता आपदा एव अंचलाधिकारी फतेहपुर को निर्देश दिया कि वज्रपात में मृतक के परिजन को 24 घन्टे के अंदर आपदा मुआवजा राशि देना सुनिश्चित करे।

### अग्नि पीड़ित परिवार को अंचलाधिकारी ने सहायता राशी प्रदान की



(न्यूज12 भारत)

गया ।गुरुआ अंचल के एक बचे हुए अग्निकांड पीड़िता रूपा कुमारी, पति स्व विनय भुइयां ग्राम खैरी, पंचायत नगवा को पोलीथीन शीट और १६००० की सहायता राशि अंचलाधिकारी द्वारा प्रदान की गई है।

### राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन द्वारा रविन्द्र नाथ टैगोर की जंयती मनाई गई - डां मनीष पंकज मिश्रा



(न्यूज12 भारत)

गया।नोबेल पुरस्कार से सम्मानित और महान कवि रविंद्र नाथ टैगोर जी का 163बी जयंती राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन के प्रदेश कार्यालय मैं मनाया गया बिहार प्रदेश अध्यक्ष डॉ मनीष पंकज मिश्रा जी के द्वारा सर्वप्रथम उनके चित्र पर माला पुष्प चढ़ा कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया इस अवसर पर डॉक्टर मनीष पंकज मिश्रा ने कहा भारत के पहले नोबेल पुरस्कार विजेता को हम आज श्रद्धा सुमन अर्पित कर रहे हैं बंगाल में जन्मे रविंद्र नाथ टैगोर जी साहित्य में नोबेल पुरस्कार मिला रवींद्रनाथ टैगोर जी का प्रतिभा को देखते हुए नॉन यूरोपीय और प्रथम भारतीय होने का नोबेल पुरस्कार पाने का गौरव क्षणप्राप्त हुआ डॉ रविंद्र नाथ टैगोर जी सबसे प्रसिद्ध कविता संग्रह गीतांजलि के लिए दिया गया था वह कवि के साथ-साथ नाटककार संगीतकार दार्शनिक समाज सुधारक थे आज श्रद्धा सुमन अपील करने वालों में राणा रणजीत सिंह प्रमोद कुमार हीरा यादव सुनील बंबईया बबलू गुप्ता विक्की बनवाल सहित दर्जनों श्रद्धासुमन अर्पित किए हैं

### रागिनी सिंह ने किया विभिन क्षेत्रों का सघन दौरा कर

(न्यूज12 भारत)

तिसरा। आगामी लोक सभा चुनाव को लेकर आज भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रागिनी सिंह ने भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में मतदान करने को लेकर झरिया के मोहरी बांध तिलाई बनी लोदना अंबेडकर चौक कपड़ा धौड़ा बाजार समेत लोदना के विभिन क्षेत्रों का सघन दौरा कर नुक्कड़ सभाएं की जहा भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में मतदान कर आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के हाथो को और मजबूत कर देश के विकास रथ को आगे बढ़ाने में सहायक बनने की अपील की|

# हर महिला की इज्जत हो हर बच्चा हो अपना प्यारा हर हाथों को काम मिले यही है अनुपमा का नारा

(न्यूज12 भारत)





धनबाद: धनबाद लोकसभा इंडिया महागठबंधन की प्रत्याशी अनूपमा सिंह का संघन दौरा निरसा विधानसभा के कलियासोल प्रखंड में झारखंड मुक्ति मोर्चा का कार्यकर्ता सम्मेलनकलियासोलमोड, सिमुलदांग, पेंड्राहाट ,शालुकचोपड़ा ,आंखद्वार, बारामुडी में जनसभा एवं आवासीय कार्यालय जामाडोबा में महागठबंधन कार्यकर्ताओं एवं क्षेत्र के गणमान्य लोगों के साथ जनता दरबार धनबाद विधानसभा के खेरा ,केंदुआडीह नया धोडा कॉलोनी, कुसुंडा पोस्ट ऑफिस के पास दस नम्बर, बारह नम्बर पीट बलहारी में जनसंपर्क बलिहारी ,कच्ची बलिहारी, गाजो पट्टी में जनसंपर्क केंदुआ पुल से केंदुआ बाजार होते हुए केंदुआ चार नंबर तक जनसंपर्क एव नुक्कड सभा भुक्कड़ सभा को संबोधन करते हुए कहा महिलाओं के भीतर मैंने देखा है कि 10 साल की भाजपा सरकार के खिलाफ गरीब आम जनता आम व्यक्ति में दिखा कि उनकी उम्मीद भी खत्म हो गई सपने भी खत्म हो गए विश्वास भी भाजपा में नहीं रहा उज्ज्वल का कनेक्शन देकर सिलेंडर की कीमत तीन गुना बढ़ा दी खाद्यान्न पदार्थ में अप्रत्याशित वृद्धि कर गरीबों के जेब से पैसे निकालने का काम किया हजारों करोड़ों की संपत्तियों को चंद कौड़ियों के भाव अपने अडानी अंबानी मित्रों को दे दिया|

# महिला कांग्रेस ने किया तूफानी दौरा अनुपमा सिंह के लिए मांगा वोट

(न्यूज12 भारत)




धनबाद। धनबाद लोकसभा से कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह के पक्ष में धनबाद जिला महिला कांग्रेस कमिटी के जिलाध्यक्ष सीता राणा के नेतृत्व में तूफानी दौरा किया गया। धनबाद जिला महिला कांग्रेस कमिटी के जिलाध्यक्ष सीता राणा ने झरिया, जमाडोवा, मोहन बनी न्यू कॉलोनी, भागा चार नंबर, पिरकु बांध पटियाडीह, बरारी क्षेत्र में सघन जन संपर्क अभियान चलाया।

सीता राणा ने लोगों से मिलकर कांग्रेस पार्टी के विचारधारा से अवगत कराया और कांग्रेस के पांच न्याय पच्चिद गारंटी बताया और अनुपमा सिंह के पक्ष में हाथ छाप पर वोट देने की अपील की। सीता राणा ने मौके पर कहा कि धनबाद को अपराध का अड्डा बनने से रोकना होगा। भाजपा ने एक ऐसा प्रत्याशी मैदान में दिया जिसपर पचास मामले दर्ज हैं। अगर भाजपा धनबाद में जीतेगी तो धनबाद अपराधियों का गढ़ बन जायेगा। जिसका खामियाजा धनबाद के लोगों के साथ यहां के व्यापार पर पड़ेगा। कांग्रेस ने साफ छवि और शिक्षित महिला को प्रत्याशी बनाया है। अनुपमा सिंह के जितने से धनबाद का विकास होगा। महिला सशक्तिकरण को नया बल मिलेगा।

मौके पर रूबी खातून, हेमन्ती जयसवाल, गीता सिंह, मुस्कान सिंह, आसमा खातून , बिंदु देवी, मुस्कान खातून, मीना प्रजापति, पिंकी देवी, शाहिना बानो, हुस्ना बानो, अफरोज खातून आदि मौजूद थी।

## जिलाधिकारी ने डोभी अंचल अधिकारी से मोबाइल पर जमीन मामल निर्देश

(न्यूज12 भारत)



गया।दोपहर को अत्यधिक गर्मी के बावजूद समाहरणालय में आए अनेकों फरियादी को देख जिला पदाधिकारी गया डॉ० त्यागराजन एसएम अपने कार्यालय कक्ष से निकलकर सभी फरियादियों से बारी बारी से सबकी फरियाद को सुना है। लगभग 10 लोगो की समस्याओं को सुना गया है। डोभी अंचल के भदौरा गाँव एरिया से आये व्यक्ति ने आपसी जमीन बटवारा को लेकर झगड़ा से संबंधित समस्या को बताया इस पर जिलाधिकारी ने अंचल अधिकारी से मोबाइल पर से बात करते हुए निर्देश दिया है कि मामले को सुनकर उचित निर्णय करें। उन्होंने कहा कि संबंधित विवादित स्थल को स्वयं निरीक्षण भी करना सुनिश्चित करेंगे।शेरघाटी प्रखंड के एक आवेदक ने बताया कि उन्हें भूमि सरकार द्वारा उपलब्ध कराई गई है परंतु उसमें कॉलोनी का निर्माण करने कुछ लोग जबरन नहीं दे रहे हैं इस पर जिला पदाधिकारी ने अनुमंडल पदाधिकारी शेरघाटी को उक्त मामले की समीक्षा कर नियमानुसार कार्रवाई करने का निर्देश दिए हैं।

# टैगोर मानव ही नहीं महामानव थे डॉ. उमाशंकर सिंह

(न्यूज12 भारत)




गया। अनुग्रह मेमोरियल महाविद्यालय गया के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की ओर से विश्वकवि रवींद्रनाथ टैगोर की पावन जयंती के अवसर पर एक दिवसीय समारोह का आयोजन किया गया है । इस समारोह में महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. अनंत कुमार सिन्हा एन एस एस के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. श्वेता सिंह, हिंदी विभाग के प्राध्यापक डॉ. उमा शंकर सिंह, राजनीतिक शास्त्र के विभागाध्यक्ष डॉ. किशोर कुमार पासवान, अंग्रेजी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. अमृतेंदु घोषाल आदि की गरिमामयी उपस्थिति में समारोह संपन्न हुआ है। इस समारोह को संबोधित करते हुए डॉ. उमा शंकर सिंह ने कहा कि गुरुवर रवींद्रनाथ टैगोर विलक्षण प्रतिभा के धनी व्यक्त थे। महान साहित्यकार, समाज सुधारक, प्रसिद्ध अध्यापक, प्रख्यात कलाकार के साथ-साथ वे एक सच्चे मानव थे। सच्चे अर्थों में वे मानव ही नहीं महामानव थे। उनके कृति व्यक्तित्व आगे सहस्त्र वर्षों तक मानवों को पथ प्रदर्शित करता रहेगा। प्रभारी प्राचार्य डॉ. अनंत कुमार सिन्हा ने कहा कि रवींद्रनाथ टैगोर एक असाधारण व्यक्ति थे। विद्वान, चित्रकार, उपन्यासकार, कवि आदि सब कुछ थे। 1913 में उन्हें नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।

## माले नेता नागेन्द्र कुमार की अध्यक्षता में एग्यारकुण्ड प्रखंड स्तरीय बैठक

(न्यूज12 भारत)



कुमारधुबी-लोकसभा चुनाव को लेकर इंडिया गठबंधन के एग्यारकुण्ड प्रखंड स्तरीय बैठक 7 मई को मैथन रोड स्थित माले कार्यालय में हुई।जिसमें गठबंधन के सारे दलो के नेताओ ने भाग लिये। बैठक की अध्यक्षता माले नेता नागेन्द्र कुमार ने किया।बैठक में एग्यारकुण्ड प्रखंड स्तरीय 27 सदस्यीय चुनाव संचालन समिति की गठन की गई।जिसमें कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष जियाउल हुसैन संयोजक बनाए गए और सह संयोजक झामुमो के प्रखंड अध्यक्ष रामनाथ सोरेन माले के प्रखंड सचिव मनोरंजन मलिक सीपीएम के प्रखंड सचिव सोमना लहरी सीपीआई के प्रखंड सचिव रामशोभित प्रसाद,राजद के घमण्डी यादव बनाए गए।

बैठक में मुख्य रूप से चुनाव प्रभारी श्यामल सरकार,सदन सिंह व संतोष घोष,शशीभूषण तिवारी,दुर्गा दास मुख्य रूप से उपस्थित थे। बैठक में मंहगाई-रोजगार विरोधी भाजपा हटाओ,लोकतंत्र-संविधान बचाओ नारे के साथ लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन को जिताने का आह्वान किया गया।एग्यारकुण्ड प्रखंड के सारे बूथों पर गठबंधन के मजबूत बूथ कमिटि बनाने का निर्णय लिये गए।मौके पर काशीम अंसारी,सिराजुद्दीन अहमद, बासुदेव महतो, फहीम अहमद,के के त्रिपाठी, जितेंद्र शर्मा,सत्येन्द्र चौहान,मुन्ना चौहान,कमलेश सिंह सुरेन्द्र पासवान,रवि साव व दर्जनों लोग उपस्थित थे।

# कायाकल्प से बदल रही है पंचायत में सरकारी स्कूल की सूरत






(न्यूज12 भारत)

बाघमारा : निप्पॉन लाइफ इंडिया ऐसेट मैनेजमेंट लिमिटेड द्वारा आयोजित बाघमारा प्रखंड के रघुनाथपुर पंचायत में छड़ीदारडीह उर्दू उत्क्रमित मध्य विद्यालय में सीएसआर मद द्वारा बच्चों की सुविधा के लिए कंप्यूटर डिजिटल क्लास रूम की व्यवस्था, विद्यालय में छात्र-छात्राओं के लिए अलग-अलग टॉयलेट रूम की व्यवस्था, मध्याहन भोजन के लिए किचन रूम की व्यवस्था, आरओ द्वारा शुद्ध पेयजल की व्यवस्था, लड़कों और लड़कियों के लिए नियमित आधार पर पर्यावरण प्रशिक्षण सत्र भी आयोजित किया गया। रघुनाथपुर पंचायत के छड़ीदारडीह गांव में सौर ऊर्जा संचालित आरओ जल मीनार। रघुनाथपुर पंचायत के गुंदली बेरा गांव में सौर ऊर्जा संचालित आरओ जल मीनार। रघुनाथपुर पंचायत के छड़ीदारडीह गांव में उद्यान का विकास। इस मौके पर स्कूल की प्रभारी जावेद अख्तर अंसारी, सहायक शिक्षक मो,रजा अंसारी, मो मेराज,मो अख्तर हुसैन, अखलाक अहमद जिलानी, अर्पिता चतराज मिताक्षा रसवंत,मो अल्ताफ, विवेक कुमार सभी उपस्थित थे ।

न्यूज 12 भारत
Website : www.news12bharat.com
बुधवार, 8 - मई - 2024

# बलियापुर बीडीओ में चलाया मतदान जागरूकता अभियान और चेकनाका का किया निरीक्षण

(न्यूज12 भारत)

बलियापुर : जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त धनबाद के निदेशानुसार आज दिनांक 7.5.2024 को प्रखंड विकास पदाधिकारी राजेश कुमार सिन्हा एवं थाना प्रभारी शैलेश कुमार पांडेय की उपस्थिति में मैं भी इलेक्शन एम्बेसडर अभियान के तहत सिंदरी नगर निगम क्षेत्र स्थित मतदान केंद्र संख्या 388 एवं 392 बुनियादी विद्यालय बीआईटी सिंदरी ने BAG की बैठक आयोजित हुई। बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी ने बताया कि मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से इस अभियान को चलाया जा रहा है एवं मतदान प्रतिशत में वृद्धि करने के लिए सभी सदस्यों को इस अभियान से जुड़ना है। इसी अभियान के तहत एक कार्यक्रम डीएवी पब्लिक स्कूल रांगामाटी सिंदरी में आयोजित हुई। कार्यक्रम में इएलसी सदस्य छात्र-छात्राओं द्वारा मतदाता प्रति, सेल्फी एवं जागरूकता कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाध्यापक, सभी शिक्षक ने भाग लिया। प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा भ्रमण के दौरान ही इंटरस्टेट चेकनाका डोमगढ़ एवं सिंदरी बस्ती का भी औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी उपस्थित पाए गए। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने गहन जांच अभियान चलाने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान सिंदरी थाना प्रभारी श्री शैलेश कुमार पांडेय भी उपस्थित थे।






## लक्ष्मी देवी ने लोहरडीह में किया जन संपर्क मांगा समर्थन



(न्यूज12 भारत)

धनबाद। धनबाद लोकसभा के निर्दलीय प्रत्याशी लक्ष्मी देवी मंगलवार को लोहरडीह नीचे कुल्ही और ऊपर कूल्ही में जन संपर्क अभियान चला कर लोगों से आशीर्वाद लिया और अपने पक्ष में वोट करने की अपील की।

मौके पर लक्ष्मी देवी ने कहा कि धनबाद का विकास राजनीतिक इच्छाशक्ति के अभाव में अवरुद्ध रहा है। धनबाद का विकास चाहिए तो ठोस योजना पर कार्य करने वाले को वोट दीजिए। जुमलाजीवी या झूठे सपने दिखाने वालों को नही।

लक्ष्मी देवी ने कहा कि धनबाद की प्रबुद्ध वोटरों से आग्रह है कि अपना मतदान जरूर करें और लक्ष्मी देवी को अपना बहुमूल्य वोट देकर समर्थन करें। मैं धनबाद का विकास करूंगी।

मौके पर दिलीप सिन्हा, संदीप कुमार पासवान आदि मौजूद थें।

# शिक्षित प्रत्याशी से धनबाद का विकास संभव - सीता राणा

(न्यूज12 भारत)

धनबाद : भाजपा लोकसभा प्रत्याशी ढुल्लू महतो का निरसा क्षेत्र में कई सभा व बैठक हुआ। इसी दौरान एगारकुण्ड ओबीसी मोर्चा के बैठक में धनबाद भाजपा लोकसभा प्रत्याशी ढुल्लू महतो पहुंचे जहां उन्हें कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। इस दौरान कई महिला और पुरुष भाजपा में शामिल हुए सभी भाजपा का पट्टा पहनाकर ढुलू महतो ने स्वागत किया। मौके पर निरसा विधायक अपर्णा सेनगुप्ता, जिला अध्यक्ष घनश्याम ग्रोवर साथ भारी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। संबोधन करते हुए ढुल्लू महतो ने लोगो से आगामी 25 कमल फूल छाप पर वोट देकर भाजपा को भारी मतों से विजय बनाने का अपील किया। श्री महतो ने कहा भाजपा एक ऐसी पार्टी है जो देश को विकास कर रही है। महा गठबंधन ठगबंधन है। गठबंधन के नेता बस देश को लूटने में लगे हुए हैं। कांग्रेस भ्रष्टाचार से लिप्त है। कांग्रेसभ्रष्टाचार के गंगा में डूब चुका है वैसे लोगों को सीधा जेल में होना चाहिए। धनबाद कांग्रेस के प्रत्याशी के पति अनूप सिंह कूट कर अरबो खरबो कमा लिए हैं। उनके पिता राजेंद्र प्रसाद सिंह यहां चूड़ी बेचने का काम करते थे चूड़ी बेचकर वह अरबो रुपये कमा लिए हैं सिर्फ गरीबों को लूट कर कमाए हैं। झारखंड के पैसा कोयले लूट का पैसा है। इसकी सीबीआई जांच होनी चाहिए। ऐसे लोगों पर कार्यवाही होनी चाहिए मंत्री आलमगीर आलम के सचिव के यहां पैसे बरामद मामले में उन्होंने कहा कि इसमें कांग्रेस के सभी नेता शामिल है सभी जेल जाएंगे।



## मौजा- जमुआवां में अवस्थित बालूघाट में जिलाधिकारी द्वारा अर्थदंड वसुलने के निर्देश

(न्यूज12 भारत)




गया। ज़िला पदाधिकारी गया डॉ० त्यागराजन एसएम के निदेश के आलोक में दिनांक 05को जिलान्तर्गत न व ब न्दो ब स्त बालूखण्ड संख्या- 49 गया ढ़ाढ़र 02का स्थलीय निरीक्षण खनन विभाग के पदाधिकारियों यथा खनन पदाधिकारी निधि कुमारी एव खनन इंस्पेक्टर द्वारा करवाया गया है। निरीक्षण के दौरान मौजा-जमुआवां गोविन्दपुर में अवस्थित बालूघाट पर निम्नांकित तथ्य पाये गये :- बालूघाट पर धर्मकांटा एवं सी.सी.टी.वी. कैमरा लगा हुआ पाया गया है। बालूघाट के स्थलीय निरीक्षण के दौरान सीमांकन पाया गया है। बालूघाट के पर्यावरणीय स्वीकृत क्षेत्र के अन्दर उत्खनित गड्ढ़ों की मापी किये जाने पर अधिकतम गहराई 10 फीट से कम पायी गई, जो नियमसंगत है। बालूघाट के स्थलीय निरीक्षण के दौरान पाया गया कि पर्यावरणीय स्वीकृत क्षेत्र के बाहर जी ओ सी ओ-ओरडीनेट एल ए टी. 24.79667422° Long 85.29523218° के समीप लगभग लम्बाई 40 फीट, चौड़ाई 25 फीट एवं गहराई 04 फीट अर्थात कुल 4000 घनफीट बालू का अवैध निष्कासन पाया गया है इस अवैध उत्खनित स्थल बालूखण्ड संख्या-49 जमुआवां गोविन्दपुर के पर्यावरणीय स्वीकृत क्षेत्र से सटा हुआ है।

## आर.एस.पी. कॉलेज, झरिया, बेलगड़िया मे संगोष्ठी का आयोजन

(न्यूज12 भारत)

आर. एस. पी. कॉलेज, झरिया बेलगड़िया के वाणिज्य विभाग एवं इमार्टिकुस लर्निंग के संयुक्त तत्वाधान मे 'करियर एंड स्कोप इन इन्वेस्टमेंट एंड रिटेल बैंक्स' विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया. संगोष्ठी आयोजन का मुख्य उद्देश्य इन्वेस्टमेंट एंड रिटेल बैंक के क्षेत्र मे भविष्य, संभावनाओं एवं चुनौतियों पर परिचर्चा कर विद्यार्थियों मे रोजगारोंनमुख जागरूकता उत्पन्न करना एवं जानकारी प्रदान करना था. कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज के प्राचार्य डॉ. निलेश कुमार सिंह ने किया एवं विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि इन्वेस्टमेंट एवं रिटेल बैंक भारतीय अर्थव्यवस्था का उभरता एवं एक अत्यंत महत्वपूर्ण क्षेत्रक बन गया है, जहाँ वाणिज्य एवं व्यवसाय मे रूचि रखने वाले छात्र जरुरी कौशलों एवं जानकारी को अर्जित कर अपना करियर बना सकते हैं.

रोजगारोन्मुख शैक्षिक गतिविधियों के आयोजन के सार्थक प्रयास की सराहना करते हुए उन्होंने वाणिज्य विभाग के शिक्षकों एवं इमार्टिकुस लर्निंग के सदस्यों को बधाई दी. कार्यक्रम मे बतौर मुख्य वक्ता इमार्टिकुस लर्निंग के सीनियर मैनेजर आतिफ़ अकरम ने संगोष्ठी के विषय पर विस्तार से बताया और कहा कि इन्वेस्टमेंट एंड रिटेल सेक्टर, भारतीय आर्थिक जगत का तेजी से बढ़ता लोकप्रिय क्षेत्र है जहाँ करियर के अनेक संभावनाएं हैं. उन्होंने ने इस क्षेत्र मे करियर एवं रोजगार कैसे प्राप्त किया जा सकता है, विद्यार्थियों को इसके तकनिकी पहलुओं से अवगत कराया.



## लोकसभा चुनाव को लेकर इंडिया गठबंधन के एग्यारकुण्ड प्रखंड स्तरीय बैठक

(न्यूज12 भारत)

कुमारधुबी-लोकसभा चुनाव को लेकर इंडिया गठबंधन के एग्यारकुण्ड प्रखंड स्तरीय बैठक 7 मई को मैथन रोड स्थित माले कार्यालय में हुई। जिसमें गठबंधन के सारे दलो के नेताओ ने भाग लिये।

बैठक की अध्यक्षता माले नेता नागेन्द्र कुमार ने किया। बैठक में एग्यारकुण्ड प्रखंड स्तरीय 27 सदस्यीय चुनाव संचालन समिति की गठन की गई। जिसमें कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष जियाउल हुसैन संयोजक बनाए गए और सह संयोजक झामुमो के प्रखंड अध्यक्ष रामनाथ सोरेन माले के प्रखंड सचिव मनोरंजन मलिक सीपीएम के प्रखंड सचिव सोमना लहरी सीपीआई के प्रखंड सचिव रामशोभित प्रसाद,राजद के घमण्डी यादव बनाए गए।

बैठक में मुख्य रूप से चुनाव प्रभारी श्यामल सरकार,सदन सिंह व संतोष घोष,शशीभूषण तिवारी,दुर्गा दास मुख्य रूप से उपस्थित थे। बैठक में मंहगाई-रोजगार विरोधी भाजपा हटाओ,लोकतंत्र-संविधान बचाओ नारे के साथ लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन को जिताने का आह्वान किया गया। एग्यारकुण्ड प्रखंड के सारे बूथों पर गठबंधन के मजबूत बूथ कमिटि बनाने का निर्णय लिये गए। मौके पर काशीम अंसारी,सिराजुद्दीन अहमद, बासुदेव महतो, फहीम अहमद, के के त्रिपाठी,जितेंद्र शर्मा,सत्येन्द्र चौहान, मुन्ना चौहान,कमलेश सिंह सुरेन्द्र पासवान,रवि साव व दर्जनों लोग उपस्थित थे।



## भ्रष्टाचार का प्रतीक बन गयी है कांग्रेस : प्रभाकर मिश्र

- कांग्रेस में चल रही भ्रष्टाचार की स्पर्धा दौड़
- भ्रष्टाचार का नित्य नया कीर्तिमान बना रही है कांग्रेस

(न्यूज12 भारत)

गया। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रभाकर कुमार मिश्र ने कांग्रेस पर प्रहार करते हुए कहा कि कांग्रेस भ्रष्टाचार का प्रतीक बन गयी है। कांग्रेस और घमंडिया गठबंधन के दूसरे दलों का नाम आते ही आमलोगों के मन में सबसे पहले एक ऐसी पार्टी की तस्वीर बनती है, जो भ्रष्टाचार में आकंठ डूबी हुई है। मिश्र ने सोमवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि कांग्रेस नित्य प्रति भ्रष्टाचार का नया कीर्तिमान स्थापित कर रही है। श्री मिश्र ने कहा कि कांग्रेस सहित पूरा 'घमंडिया' गठबंधन भ्रष्टाचार का पर्याय बन गया है। झारखंड में भ्रष्टाचार का मेगा शो चल रहा है। धीरज साहू के बाद कांग्रेस के एक और नेता आलमगीर आलम की काली कमाई का पर्दाफाश हुआ है। झारखंड के ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम के पीएस - संजीव लाल के घरेलू सहायक के ठिकाने से करीब 40 करोड़ नकदी बरामद हुआ। ईडी का मानना है कि यह काली कमाई का हिस्सा है। यह सोचने वाली बात है कि एक निजी सहायक के नौकर के पास इतनी बड़ी रकम कहां से आ सकती है। सीधे तौर पर इस काली कमाई का कनेक्शन आलमगीर आलम से है। अभी तो नोटों की पूरी गिनती हुई भी नहीं है। यह रकम और बढ़ेगी। असल में जहां भी घमंडिया गठबंधन में शामिल दलों की सरकार है, वहां लूट-खसोट मचा है। दिल्ली, बंगाल और झारखंड की सरकारें जनता की गाढ़ी कमाई को हड़प कर अपनी तिजोरी भरने में लगी है। मिश्र ने कहा कि झारखंड में तो 'बड़े मियां तो बड़े मियां छोटे मियां सुभान अल्लाह' जैसी स्थिति है।

# बिहार के पूर्व सांसद पप्पू यादव ने धनबाद लोकसभा के कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह के पक्ष में किया चुनाव प्रचार

(न्यूज12 भारत)

धनबाद : बिहार के पूर्व सांसद पप्पू यादव ने धनबाद लोकसभा के कांग्रेस प्रत्याशी श्रीमती अनुपमा सिंह के पक्ष में चुनाव प्रचार के क्रम में झरिया के पूर्व विधायक आबो देवी जी के आवास जाकर कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह जी के पक्ष में समर्थन मांगा,आबो देवी कांग्रेस प्रत्याशी के पक्ष में लोगों से समर्थन मांगने के साथ अधिक से अधिक मतदान कराने का आश्वासन लिया,आगे पप्पू यादव ने कहा कि आबो देवी से मेरा घरेलू रिश्ता रहा है! आज हाउसिंग कॉलोनी,बिशनपुर झरिया सहित जिला के विभिन्न जगहों में जनसंपर्क अभियान चलाया गया हाउसिंग कॉलोनी में पूर्व मंत्री मन्नान मल्लिक के आवास में जाकर मिले,जनसंपर्क अभियान के उन्होंने लोगों से हाथ छाप में वोट देकर कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह जी को विजयी बनाने का आह्वान किया!

जनसंपर्क अभियान के क्रम पूर्व सांसद पप्पू यादव ने कहा कि देश की मोदी सरकार लोगों को झूठा आश्वासन देकर लोगों को छलने का काम कर रही है मोदी सरकार देश में जाति और धर्म के साथ समाज में भाई-भाई को बांटने का काम कर रही है मोदी सरकार अत्यंत पिछड़ा लोगों ओबीसी अंबेडकरवादी एवं बिरसा मुंडा जोहार बोलने वाले का सबसे बड़ा दुश्मन है ,मोदी सरकार सभी मोर्चे पर विफल रही है देश में महंगाई बेरोजगारी चरम सीमा पर है लोग आर्थिक संकटों से जूझ रही है|

देश की अर्थव्यवस्था चरमरा गई है इसके बावजूद मोदी सरकार मूकदर्शक बनी हुई हैं, कांग्रेस पार्टी हमेशा गरीबों व वंचितों युवाओं महिलाओं और बेरोजगारों की बात करती है एवं उनके हक और अधिकार के लिए हमेशा कंधे से कंधे मिलाकर खड़ा रहने का काम किया है और आगे भी करते रहेगी देश में दलित व गरीबों का सबसे बड़ा दुश्मन भाजपा है आरक्षण संविधान के साथ कांग्रेस ने जो अधिकतर लोगों को दिया है उसे भाजपा छिनना चाहती है। आगे उन्होंने संविधान की रक्षा के साथ अपने अधिकार की रक्षा के लिए कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह के पक्ष में वोट देकर भारी मतों से विजय बनाने का आह्वान किया आगे उन्होंने कहा कि इंडिया महागठबंधन के प्रति लोगों का विश्वास जगा है और 2024 के लोकसभा चुनाव में राहुल गांधी के नेतृत्व में इंडिया महागठबंधन देश में सरकार बनाएगी! उनके जनसभा और जनसंपर्क अभियान के दौरान भारी संख्या में लोगों ने भाग लिया और लोग उत्साहित दिखे लोगों ने कांग्रेस के पक्ष में भारी से भारी संख्या में अपना मतदान करने का आश्वासन दिया!



### पेज एक का शेष

## हर महिला की इज्जत हो हर बच्चा हो अपना प्यारा हर हाथों को काम मिले....

पिछले 10 साल में एक भी कोई भी फैक्ट्री तक नहीं लगे आज भाजपा के पास चुनाव लड़ने के लिए प्रत्याशी तक नहीं है यही कारण है कि अजित पवार और नवीन जिंदल जैसे लोगों को भाजपा ने शामिल कर लिया धनबाद लोकसभा क्षेत्र में यहा कि जनता-जनार्दन भाजपा से छुटकारा चाहती हैं झारखंड के खनिज संपदा की लूट हो रही है केंद्र सरकार यहां से खनिज संपदा तो ले जा रही है लेकिन इसकी रायल्टी यहां के लोगों को नहीं दे रही है केंद्र की मोदी सरकार आम लोगों के लिए नहीं बल्कि अडानी और अंबानी के लिए काम करने वाली सरकार है उन्होंने मोदी सरकार पर तानाशाही करने का आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस के बैंक खाता फ्रीज कर राहुल गांधी और प्रियंका गांधी को गाली देना भाजपा सरकार की नियति है यही वजह है कि लोग भाजपा से छुटकारा चाहते हैं भाजपा की नियति को आप लोग समझ चुके हैं|